उत्तर प्रदेश शासन
नागरिक उड्डयन अनुभाग
संख्या: 61/2018/1212/छप्पन-2018-38/2014
लखनऊ: दिनांक: 18 जून, 2018

कार्यालय-ज्ञाप

श्री कन्हैया लाल गुप्ता को नागरिक उड्डयन विभाग, उ0प्र0 के अधीन अनुरक्षण, सुरक्षा एवं सामान्य प्रशासन इकाई, उ0प्र0, लखनऊ में कार्यालय-ज्ञाप संख्या- 82/2016/1063 /छप्पन-2016-38/2014 दिनांक 19 अक्टूबर, 2016 द्वारा वायुयान अनुरक्षण अभियन्ता (एवियानिक्स) के पद पर संविदा सेवा के आधार पर नियत मासिक पारिश्रमिक रू0 1,83,750/- (रूपये एक लाख तिरासी हजार सात सौ पचास मात्र) पर अग्रेत्तर 02 वर्ष अर्थात दिनांक 01 सितम्बर, 2016 से 31 अगस्त, 2018 तक पूर्व शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन बढ़ायी गयी थी, जिसकी अवधि दिनांक 31 अगस्त, 2018 को समाप्त हो रही है। निदेशक, नागरिक उड्डयन, उ0प्र0, लखनऊ द्वारा अवगत कराया गया है कि श्री कन्हैया लाल गुप्ता नागरिक उड्डयन निदेशालय के लिए एक उपयोगी अभियन्ता हैं, अतः इनकी उपयोगिता तथा विभाग की विशिष्ट कार्य अपेक्षाओं को देखते हुए इनकी संविदा की अवधि वर्तमान पारिश्रमिक रुपए 2,02,585/- एवं शासनादेश संख्या-1422/छप्पन-2014-17/2014, दिनांक 09 सितम्बर, 2014 के अनुसार 05 प्रतिशत की वार्षिक वेतन वृद्धि के आधार पर पूर्व शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन बढ़ाए जाने हेतु यथोचित निर्णय लिया जाए।

2- अतः सम्यक् विचारोपरान्त श्री राज्यपाल वायुयान अनुरक्षण अभियन्ता (एवियानिक्स) के पद पर श्री कन्हैया लाल गुप्ता की संविदा अवधि वर्तमान पारिश्रमिक रुपए 2,02,585/- एवं शासनादेश संख्या-1422/छप्पन-2014-17/2014, दिनांक 09 सितम्बर, 2014 के अनुसार 05 प्रतिशत की वार्षिक वेतन वृद्धि के आधार पर पूर्व शर्तों एवं प्रतिबंधों के अधीन दिनांक 01 सितम्बर, 2018 से अग्रेतर 01 वर्ष (अर्थात 01 सितम्बर, 2018 से 31 अगस्त, 2019 तक) के लिए बढ़ाये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

3. श्री कन्हैया लाल गुप्ता को उक्त संविदा अवधि में नियत मासिक पारिश्रमिक के अतिरिक्त अन्य कोई भत्ते देय नहीं होंगे। श्री कन्हैया लाल गुप्ता की संविदा सेवा के सम्बन्ध में अन्य नियम व शर्तें पूर्ववत् जारी रहेंगी।

---2

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

4- श्री कन्हैया लाल गुप्ता से संविदा पर नियुक्ति के सम्बन्ध में निर्धारित प्रपत्र पर अनुबन्ध-पत्र निष्पादित कराकर शासन को उपलब्ध कराया जाएगा।

सूर्य पाल गंगवार
विशेष सचिव।

श्री कन्हैया लाल गुप्ता,
वायुयान अनुरक्षण अभियन्ता (एवियानिक्स)
नागरिक उड्डयन निदेशालय, उ0प्र0,
लखनऊ।

संख्या: 61/2018/1212(1)/छप्पन-2018 तददिनांक ।

1- निदेशक, नागरिक उड्डयन, उ0प्र0, लखनऊ को इस अभ्युक्ति के साथ कि श्री कन्हैया लाल गुप्ता, वायुयान अनुरक्षण अभियन्ता (एवियानिक्स) से निर्धारित प्रपत्र पर अनुबन्ध-पत्र निष्पादित कराकर शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
2- महालेखाकार-प्रथम (लेखा एवं हकदारी), उ0प्र0, इलाहाबाद।
3- महालेखाकार (आर्थिक एवं राजस्व लेखा परीक्षा), उ0प्र0, छठा तल, केन्द्रीय भवन, सेक्टर-एच, अलीगंज, लखनऊ।
4- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
5- वित्त नियंत्रक, नागरिक उड्डयन निदेशालय, लखनऊ।
6- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-7
7- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2
8- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
डा0 सत्य प्रकाश तिवारी
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।